## एक नजर में

### आसुरी शक्तियों के नाश के लिए अवतार हुए



**जीरापुर 01 फरवरी, सं.** समीपवर्ती ग्राम काशीखेड़ी में महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस ज्योतिषाचार्य भागवत कथा वाचक पंडित सुरेश बिहारी जी नागर ने कृष्ण जन्म प्रसंग में बताया कि जब जब धरती पर आसुरी शक्तियों का अत्याचार बड़ा तब भगवान के अवतार हुए. कंस का अत्याचार इतना बड़ गया था कि भगवान कृष्ण ने अवतार लिया और देवकी ने कृष्ण को जेल में जन्म दिया जिन्हें यशोदा नंद बाबा के यहां पहुंचा गया. कृष्ण का जन्म आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए हुआ. पंडित नागर ने भागवत कथा के माध्यम से कहा कि प्राणी मात्र से भी अनजाने में गलतियां हो जाती है जिसमें सूक्ष्म जीव मर जाते हैं. प्रतिदिन देहली, पडेरी पर सायंकाल को दीपक लगाना चाहिए.

### विदाई समारोह में विद्यार्थियों को मिला सम्मान

**छापीहेड़ा 01 फरवरी, सं.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा में कक्षा 12वीं की छात्राओं के सम्मान में एक गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के शैक्षणिक जीवन की उपलब्धियों को सम्मानपूर्वक संजोते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामना करना रहा. कक्षा 11वीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को उल्लासपूर्ण बना दिया. इस अवसर पर कक्षा 12 के कक्षा शिक्षक ओमप्रकाश खटीक एवं गोविंद प्रसाद कारपेंटर ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अनुशासन, परिश्रम एवं आत्मविश्वास को जीवन की आधारशिला बताते हुए निरंतर प्रगति का संदेश दिया. प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त एवं उत्तरदायी नागरिक का निर्माण है. समारोह में छात्रा परिषद की अध्यक्ष कु. अंजली तँवर को सम्मानित किया गया. बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से कु. लक्ष्मी पाटीदार को सम्मानित किया गया.

### निशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन

**झाडला 31 जनवरी, सं.** महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साईनसेस एंड रिसर्च एव आरएम धारीवाल हॉस्पिटल यूनिट ऑफ जैन सर्वोदय विद्या ज्ञानपीठ समिति द्वारा ग्राम झाडला में ग्राम पंचायत भवन में निशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया. सरपंच देवी प्रसाद देरवाल एवं सचिव मनोहरलाल प्रजापति के द्वारा दीप प्रज्वलित कर नि:शुल्क स्वस्थ शिविर को प्रारम्भ किया गया. शिविर में उपलब्ध चिकित्सक मेडिसिन विभाग,नेत्ररोग विभाग, शल्य चिकित्सा विभाग (सर्जरी), स्त्री एवं प्रसति रोग विभाग,अस्थि रोग विभाग,श्वास रोग विभाग आयुष्मान का बनाने की सुविधा उपलब्ध है.


**आवश्यकता है**

क्लीनिक हेतु सिस्टर या कम्पाउण्डर की आवश्यकता है.
वेतन योग्यतानुसार
डॉ. ए.के. अग्रवाल
सम्पर्क- 9425039424, 8718083886

बिल 3 फरवरी


# यूजीसी : विरोध में उतरा सवर्ण समाज

## नए कानून को जातिगत भेदभाव बढ़ाने वाला बताया, सरकार से कानून वापस लेने की मांग

- नई गाइड लाइन के विरोध में नगर बंद का मिलाजुला असर
- रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 फरवरी, का. विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई नई गाइड लाइन के विरोध में सवर्ण समाज का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है, इसी क्रम में रविवार को सवर्ण समाज द्वारा नगर बंद का आह्वान किया गया. बंद का मिला जुला असर दिखाई दिया. यूजीसी की नई गाइड लाइन के विरोध में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए इसको वापस लेने की पुरजोर मांग की गई.**

उल्लेखनीय है कि रविवार को नगर बंद का आह्वान करते हुए इस आंदोलन को अपना समर्थन देने का आह्वान किया था. माँ वैष्णोदेवी मंदिर परिसर से रैली प्रारंभ हुई जिसमें शामिल लोग हाथो में तख्तियां लेकर इसे वापस लेने की मांग कर नारे लगाते हुए चल रहे थे.

### शिक्षा की स्वायत्ता पर हमला मंजूर नहीं

माँ वैष्णोदेवी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर रैली मैन मार्केट, जगात चौक, अहिंसा द्वार, इंदौर नाका, पुराना ए .बी .रोड से होते हुए पीपल चौराहा पहुंची जहां पर वक्ताओं ने कहा कि ईजीसी की गाइड लाइन में किया गया संसोधन ठीक नहीं है, इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए . आने वाली पीढ़ि के भविष्य को देखते हुए इसे वापस लेना चाहिए . शिक्षा की स्वायत्ता पर यह हमला मंजूर नहीं . वक्ताओं का कहना था कि केंद्र सरकार और यूजीसी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में ऐसे नियम लागू किए जा रहे है, जो समाज को बांटने का कार्य कर रहे है, जो कि विशेष रूप से सवर्ण वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य को नुकसान पहुंचाने वाले है . यह नियम अकादमिक स्वतंत्रता को समाप्त करने और विश्वविद्यालयों में भय का वातावरण बनाने का प्रयास है . राष्ट्रपति के नाम एक संयुक्त ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया . ज्ञापन में यूजीसी द्वारा जारी की गई नई गाइड लाइनों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने एवं उन्हें वापस लेने की मांग की गई . बंद का मिला जुला असर देखा गया . कई व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद नजर आये तो कुछ जगह दुकाने खुली देखी गई . बंद पूर्णत : शांतिपूर्ण रहा .

### शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक

बताया सवर्ण समाज का कहना है कि यदि समय रहते इन गाइड लाइनों पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो यह शिक्षा सुधार के बजाय शिक्षा व्यवस्था के लिए अभिशाप सिद्ध होंगी। इससे विश्वविद्यालयों में वैचारिक दमन को बढ़ावा मिलेगा और इसका दीर्घकालीन दुष्प्रभाव पूरे देश पर पड़ेगा. ज्ञापन के माध्यम से रखी गई मांगो में यूजीसी की नई गाइड लाइनों पर तत्काल रोक लगाकर उन्हें पूरी तरह वापस लेने, गाइड लाइनों को स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति एवं संसदीय समिति के समक्ष पुनरीक्षण हेतु भेजा जाए, शिकायत निवारण प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाया जाए. देश के विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता, गरिमा एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाए. साथ ही कहा गया है कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले समय में कहीं अधिक व्यापक स्तर पर आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा.



# पिता के संकल्प को पूरा किया श्मशान में चबूतरा बनवाया

## नरसिंहगढ़ के युवक ने पिता की इच्छा पूरी की

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 01 फरवरी. सं.** अमूमन तौर पर अपने बुजुर्गों और आराध्यों की समृति में लोग विभिन्न प्रकार के धार्मिक काम, निर्माण आदि करवाते है. ये काम ज्यादातर अच्छे और सुखद स्थानों और संस्थानों में होते है. लेकिन नगर के एक व्यापारी में श्मशान घाट पर निर्माण कार्य करवाया है. नगर के व्यवसायी अरविंद साहू ने अपने पिता स्वर्गीय बद्रीलाल साहू की स्मृति में थावरिया स्थित मुक्तिधाम में श्मशान चबूतरे का निर्माण करवाकर सराहनीय पहल की है। यह कार्य उनके पिता की अंतिम इच्छा और पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप पूरा किया गया.

स्व. बद्रीलाल साहू ने अपने जीवनकाल में मुक्तिधाम के विकास हेतु सहयोग राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन उनके निधन के बाद यह संकल्प अधूरा रह गया था। पिता की उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र अरविंद साहू ने मुक्तिधाम में चबूतरे का निर्माण करवा कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई. स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल श्रद्धांजलि का माध्यम बनते हैं, बल्कि समाज के लिए स्थायी उपयोगी संरचनाएँ भी तैयार करते हैं. मुक्तिधाम में बने इस चबूतरे से अंतिम संस्कार के दौरान आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी.



# इंडियन नेवी में 4 साल की ट्रेनिंग से लौटने पर स्वागत

नवभारत न्यूज

**तलेन 01 फरवरी, सं.** गौरव कुंभकार पिता संदीप कुंभकार ने इंडियन नेवी से ट्रेनिंग पूरी कर नगर में लौटने पर नगर के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा आतिशबाजी ढोल धमाके पुष्प मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की. गौरव कुंभकार तलेन के माटी के लाल ने देश नगर एवं परिवार का नाम रोशन किया गौरव के पिता एक प्राइवेट स्कूल प्राइमरी में पढ़ते हैं ऐसी विषम स्थिति में बच्चों को पढ़कर उन्होंने देश के प्रति देश की सेवा में भेजा.

### पूर्व विधायक शर्मा को अटल स्मृति समिति ने किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 01 फरवरी, का.** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जनसंघ के समय के आजतक राष्ट्रीय सेवा राजनीति की माध्यम से कार्य कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओ को अटल स्मृति समिति के धीरज पटेरिया निवास जाकर सम्मानित कर रहे है. इसी क्रम में भाजपा जनसंघ में पिछले 60 वर्षो से सक्रिय रहने वाले अंचल के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा को अटल कार्यकर्ता सम्मान प्रदान किया गया है.



# श्रद्धाभाव से मनाई संत रविदास जयंती, शोभायात्रा निकली





नवभारत न्यूज

**तलेन 01 फरवरी, सं.** अहिरवार समाज द्वारा संत रविदास जी महाराज का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया. जुलूस में महिला पुरुष जनप्रतिनिधि शामिल थे महिलाएं सर पर कलश लिए चल रही थी चल समारोह में बागी मैं सुसज्जित फूलों से भगवान रविदास की मूर्ति विराजमान थी जगह-जगह पुष्प वर्ष कर स्वागत किया गया नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ पुणे बांग्ला शाला पर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया एवं उनके द्वारा समाज सुधार के उद्बोधन दिए गए इसमें सभी माता बहन भाई बंधु उपस्थित रहे द्य चल समारोह मे पुलिस व्यवस्था सराहनी थी.

### रथ पर सवार होकर निकले संत श्री रविदास

**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 01 फरवरी, सं.** संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई. अहिरवार समाज द्वारा संत रविदास धर्मशाला में देर रात भजन संध्या आयोजन किया. नगर में भव्य चल समारोह निकला गया. और साथ में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर गौतम बुद्ध की जाकी के साथ संत श्री रविदास महाराज रथ पर सवार होकर समाज द्वारा चल समारोह निकाला. महाआरती में महिला, पुरूष, बच्चे बुजुर्ग और समाज के वरिष्ठ जन शामिल हुए. जगह-जगह शोभायात्रा का फूल माला से स्वागत किया. चल समारोह 1 बजे रामदेव मंदिर परिसर से प्रारंभ हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होकर अहिरवार समाज धर्मशाला पहुंचा. महाप्रसादी के साथ समारोह का समापन हुआ. उसके बाद समाज जनो ने भोजन प्रसादी ग्रहण की. इस अवसर पर अहिरवार समाज नव युवक समिति ,अहिरवार समाज समिति सहित समाज जन महिला पुरुष बच्चे सहित कार्यकर्ता शामिल हुए.

## ब्यावरा में समाजबंधुओं ने विशाल चल समारोह निकाला

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 फरवरी, का. संत शिरोमणि रविदासजी महाराज की जयंती जिले भर में पूर्ण श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाई गई. विशाल चल समारोह के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजन हुए.**



नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया. अहिरवार धर्मशाला से गाजे-बाजे, ध्वज पताकाओं के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ. सजे-धजे रथ में संत शिरोमणि रविदासजी महाराज का चित्र विराजमान था. प्रमुख मार्गो से होते हुए चल समारोह पुराना बस स्टेण्ड पहुंचा जहां डा. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वापस धर्मशाला पहुंचा जहां सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रसादी वितरण हुआ.इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजू वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, सुनील वर्मा, मनोज सूर्यवंशी, राहुल वर्मा, राधेश्याम पटवारी, बाबूलाल, बिहारीलाल, मोहन वर्मा, लक्की सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए.

**जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत-** संत रविदास महाराज की जयंती अहिरवार समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई. अहिरवार समाज नव युवक समिति द्वारा कई दिन पूर्व से तैयारी की जा रही थी. रविवार प्रात: रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर महाआरती की गई.

बड़ी संख्या में नगर सहित जिले के विभिन्न गांव, शहर और कस्बों से समाज बंधु शामिल हुए. चल समारोह रामदेव मंदिर परिसर से प्रारंभ हुआ, जो बस स्टैंड, इमली स्टैंड, मेन मार्केट, पटवा बाजार, सुभाष चौक, तोपखाना गेट, अम्बेडकर चौरहा, बिजासन माता मंदिर, बाबा रामदेव मन्दिर होते हुए धर्मशाला पहुंचा. जगह-जगह चल समारोह का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. इसके पूर्व शनिवार की रात्रि धर्मशाला में भजन संध्या का आयोजन किया गया.

**अच्छी बात** मल्टी फेसिलिटी से लैस होगा अस्पताल, निर्माण के साथ ही अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी

# अंतत : 14 करोड़ से बनने वाले अस्पताल की आधार शिला रखी

नवभारत न्यूज

**तलेन 01 फरवरी, सं.** 14 करोड़ 44 लाख 26 हजार की लागत से बनने वाले नगर के बहुप्रतीक्षित 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अंतत: विधिवत भूमिचयन के बाद भूमिपूजन हो गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कई वर्षो से लटका हुआ था, आखिर कार आज इस बहुप्रतिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलेन का भूमि पूजन पचोर रोड़ पर मंडी प्रांगण के पास क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया. विधायक द्वारा तलेन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भूमिपूजन के अतिरिक्त तलेन मंडल के बारवा खुर्रम पंचायत सामुदायिक भवन और पुलिया, चोमा पंचायत मे सामुदायिक भवन, अमलार पंचायत मे सामुदायिक भवन, बेजड़ में सामुदायिक भवन, बुचाखेड़ी में सिसी रोड़, जंगीबड़ में सीसी रोड़ और सामुदायिक भवन का भी भूमिपूजन किया गया.



भूमिपूजन के दौरान क्षेत्रीय विधायक सहित पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर कैलाश वैष्णव और भाजपा मंडल तलेन के पदाधिकारीगण नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष चंद्र सिंह यादव पार्षदगण, सरपंच गण, भाजपा के तथा अधिकारियों में स्वास्थ्य विभाग नरसिंहगढ़ के बीएमओ डॉ राजेंद्र कुमार अहिरवार, नायब तहसीलदार मनोज शर्मा, एसडीओ राजगढ़ श्रीमती स्वाति अग्रवाल, डॉ धर्मेंद्र बामनिया, तलेन नपा सीएमओ बृजेश आर्य आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री आजाद वंशकार ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल महामंत्री राधेश्याम पाटीदार ने माना.

### बिनियाखेड़ी में 18 लाख के सामुदायिक भवन का राज्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

**ब्यावरा 01 फरवरी, का.** ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिनियाखेड़ी में विकास कार्यों को सशक्त रूप देते हुए लगभग 18 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित सामुदायिक भवन एवं पेवर्स निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया. इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्थानीय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. राज्यमंत्री ने कहा कि ब्यावरा विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं. राज्यमंत्री ने ग्रामीण विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सामुदायिक भवन जैसे निर्माण कार्य सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक गतिविधियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे, वहीं पेवर्स निर्माण से गांव की आंतरिक सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की स्थिति में सुधार होगा.



# रामकथा के आयोजन से भक्तिमय हुआ वातावरण

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 फरवरी, का.** ग्राम अमरगढ़ में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया. कथा का आयोजन 22 जनवरी से 30 जनवरी तक चला. कथा प्रवक्ता पंडित अभिषेक शर्मा उज्जैन के द्वारा श्री राम कथा की गई. समापन अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, मोहन पंवार, भाजपा उपाध्यक्ष इंदरसिह लववंशी, एम. एल. लववंशी, बलवंत सिंह सौंधिया, नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, अन्ना साहब, ओम लोधा 9 गिरराज लववंशी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, धर्म प्रेमी नागरिक शामिल हुए.